# वस्तु और सेवा निर्यात 860 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली, 16 फरवरी. सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन और वस्तु निर्यात में वृद्धि बने रहने के साथ भारत को अपना कुल निर्यात आगामी मार्च में समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है.**

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने विदेश व्यापार के जनवरी 2026 के आंकड़ों को जारी करते हुए सोमवार को कहा, 'भारत के निर्यात में तेजी बरकार है. सेवा क्षेत्र निर्यात की ताकत बना हुआ है और वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात की वृद्धि दर भी सकारात्मक है. निर्यात की वर्तमान गति और दिशा को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) 860 अरब डालर के स्तर पर जा सकता है. इसमें सेवा निर्यात 410 अरब डालर का रहने की संभावना है.



> इसी माह गैर पेट्रोलियम और गैर रत्नआभूषण निर्यात 30 .47 अरब डॉलर और आयात 42 .56 अरब डलार था. उल्लेखनीय है कि भारत आयातित कच्चे तेल और रत्न आभूषण के एक बड़े हिस्से का निर्यात करता है. इस वर्ष जनवरी में वाणिज्यिक निर्यात को गति देने वाले प्रमुख उत्पादों में इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, मीट, डेयरी और पोल्ट्री , समुद्री उत्पाद और लौह उत्पाद एवं अयस्क शामिल हैं. गत वर्ष जनवरी की तुलना में इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात 10 .37 प्रतिशत बढ़कर 10 .40 अरब डॉलर हो गया.

'आज जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों अप्रैल-जनवीर 2025-26 में कुल निर्यात 720.76 अरब डालर का रहा जो एक साल पहले इसी अवधि के 679.02 अरब डॉलर से 6.15 प्रतिशत अधिक है. इस दौरान वाणिज्यिक वस्तुओं का संचयी निर्यात 320.94 अरब डॉलर का रहा जो एक साल पहले इसी अवधि के 305.98 अरब डॉलर की तुलना में 4.89 प्रतिशत अधिक है.

अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल आयात आयात 823.41 अरब डालर था जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 772.85 अरब डॉलर था. इस तरह अप्रैल-जनवरी 2025-26 में व्यापार घाटा सालाना आधार पर बढ़ कर 102.65 अरब डॉलर हो गया जो एक साल पहले 93.83 अरब डॉलर था.

## रिजर्व बैंक ने विदेशी वाणिज्यिक उधारी के संशोधित नियम लागू किये

**मुंबई, 16 फरवरी.** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी वाणिज्यिक उधारी के संशोधित नियम लागू कर दिये हैं.

केंद्रीय बैंक ने बताया कि इन संशोधनों के माध्यम से विदेशी वाणिज्यिक उधारी के लिए पात्र उधारकर्ताओं और मान्यता प्राप्त ऋणदाताओं की परिभाषाओं का विस्तार किया गया है. साथ ही उधारी की सीमा भी बढ़ाई गयी है. इन उधारियों की औसत मियाद संबंधी प्रतिबंधों में ढील दी गयी है.


नये नियमों में उधार की लागत संबंधी प्रतिबंधों को पूरी तरह हटा लिया गया है. अंतिम उपयोगकर्ता संबंधी प्रतिबंधों की समीक्षा की गयी है और रिपोर्टिंग संबंधी अनिवार्यताओं का सरल बनाया गया है.

# 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे अडानी

**एआई अवसंरचना का उद्देश्य उभरते 'इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन' में देश को दुनिया में अग्रणी बनाना**

**अहमदाबाद, 17 फरवरी. अडानी समूह ने साल 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित, हाइपरस्केल, एआई के लिए तैयार डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है.**

कंपनी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस स्वदेशी एआई अवसंरचना का उद्देश्य उभरते 'इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन' में देश को दुनिया में अग्रणी बनाना है. इसमें कहा गया है कि यह निवेश 2035 तक सर्वर निर्माण, उन्नत विद्युत अवसंरचना, स्वदेशी क्लाउड प्लेटफॉर्म और सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर के निवेश को प्रोत्साहित



करेगा.

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन में प्रवेश कर रही है जिसका प्रभाव किसी भी पूर्व औद्योगिक क्रांति से अधिक है. जो राष्ट्र ऊर्जा और कंप्यूट के संतुलन में महारत हासिल करेंगे, वे अगले दशक को आकार देंगे. भारत इस क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की स्थित में है. उन्होंने बताया कि कंपनी स्वदेशी पर केंद्रित पूर्ण पांच-स्तरीय एआई स्टैक में विस्तार कर रही है.यह रोडमैप अडानीकोनेक्स के मौजूदा दो गीगावाट राष्ट्रीय डेटा सेंटर पर आधारित है, जिसका पांच गीगावाट तक विस्तारित किया जायेगा. कंपनी गूगल के साथ साझेदारी में विशाखापट्टनम में देश का सबसे बड़ा गीगावाट स्तरीय डेटा सेंटर परिसर स्थापित कर रही है.

> अडानी समूह फिलपकार्ट के साथ अपनी डेटा सेंटर साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए अगली पीढ़ी की डिजिटल वाणिज्य, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग और बड़े पैमाने की एआई कार्यभार आवश्यकताओं के मद्देनजर फिलपकार्ट के लिए विशेष रूप से निर्मित दूसरे एआई डेटा सेंटर के विकास की दिशा में अग्रसर होगा .

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी

**173** अंक की बढ़त पर रहा सेंसेक्स

**42 .65** अंक से आगे चढ़ा निफ्टी

**मुंबई, 17 फरवरी . आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही.**

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया. मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ.

आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा. धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही. सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े. एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे.

## मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी.** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी.

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ग्राहक नेक्सा शोरूम पर जाकर या नेक्सा की वेबसाइट पर 21,000 रुपये का शुरुआती भुगतान करके ई-विटारा की बुकिंग करा सकते हैं. ई-विटारा के 49 किलोवाट आवर मॉडल की बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ कीमत 10.99 लाख रुपये है. इसमें रोड टैक्स, बीमा, टीसीएस और अन्य सरकारी कर तथा शुल्क शामिल नहीं हैं. बैटरी के लिए 3.99 रुपये प्रति किलोमीटर की समान किस्तों का विकल्प है.

# वंदे भारत एक्सप्रेस में 4 घंटे में होगा सफर



**गुजरात ,17 फरवरी. भारतीय रेल ने सोमवार को असारवा-उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ कर गुजरात में आधुनिक रेल सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है. यह ट्रेन राज्य में तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करेगी.**

हिम्मतनगर स्टेशन पर सांसद शोभनाबेन बारैया, मयंक नायक, रमीलाबेन बारा एवं पूर्व सांसद दीपसिंह राठोड ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. वहीं असारवा स्टेशन पर महापौर प्रतिभाबेन जैन, सांसद दिनेशभाई मकवाना तथा राज्यसभा सांसद श्री नरहरि अमीन ने ट्रेन का स्वागत किया.

अपने संबोधन में सांसद दिनेशभाई मकवाना ने बताया कि गुजरात में रुपए 1,28,748 करोड़ के रेलवे कार्य प्रगति पर हैं तथा वर्ष 2026 के बजट में राज्य को रुपए 17,366 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन मिला है. राज्य के 87 स्टेशनों का विश्वस्तरीय पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें 19 का उद्घाटन हो चुका है. सांसद नरहरि अमीन ने कहा कि उदयपुर जाने वाले यात्रियों, विशेषकर विवाह समारोहों के लिए समूह में यात्रा करने वालों हेतु यह ट्रेन वरदान साबित होगी, जो लगभग 4 से 4.15 घंटे में यात्रा पूर्ण करती है. ट्रेन संख्या 26964/26963 प्रतिदिन (मंगलवार छोड़कर) संचालित होगी. इसमें 8 कोच एसी चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार शामिल हैं. आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह ट्रेन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी.



# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बिहार के 468 करोड़ के एमओयू

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी. बिहार सरकार ने राजधानी दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में 250 करोड़ रुपये के निवेश से एक रिसर्च पार्क की औपचारिक घोषणा की तथा इस संस्थान और कई कंपनियों के साथ कुल 468 करोड़ रुपये की परियोजनाओं और निवेश के लिए सहमति के करारों पर हस्ताक्षर किये.**

बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत मंडपम में आयोजित इस वैश्विक आयोजन में बिहार राज्य मंडप का मंगलवार को उद्घाटन किया. इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय तथा मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने की. इस अवसर पर बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल तथा राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा भी उपस्थित थे.

राज्य सरकार बिहार में विदेशी कंपनियों के वैश्विक सृजन क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को भी आकर्षित कर रही है और इस दिशा में सम्मेलन के दौरान कई करार किये हैं. राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के उभरते क्षेत्र पर केंद्रित इस पहल से राज्य में 10,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है.

> राज्य सरकार ने प्रदेश में नवाचार, प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बिहार एआई उत्कृष्टता केंद्र (एआई सीओई) की स्थापना हेतु 60 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए तथा आईआईटी पटना में रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं .बिहार एआई सीओई की स्थापना टाइगर एनालिटिक्स के साथ मिल कर की जाएगी और आईआईटी पटना इसमें शैक्षणिक भागीदार होगा.

# द्विपक्षीय सहयोग और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी. वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की.**



वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है. दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की. विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है.

## गिफ्ट सिटी में मार्च में आयेगा पहला आईपीओ

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी.** अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में मार्च के शुरुआती सप्ताह में पहला आईपीओ आने की उम्मीद है.

शीर्ष अधिकारियों के लिए कॉरपोरेट पाठ्यक्रमों की पेशकश करने वाली कंपनी एक्सईडी ने बताया है कि उसने सभी नियामकीय अर्हताएं पूरी करने के बाद प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए दस्तावेज जमा कराये हैं. यह गिफ्ट सिटी का पहला आईपीओ होगा. इसमे मार्च के पहले सप्ताह में आने की संभावना है.

# दुपहिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 2 .9 करोड़ के पार



**नयी दिल्ली, 17 फरवरी . दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष ( 2026-27 ) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी.**

बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी. उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा क्योंकि समझौते में 500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर फोकस है. बिक्री बढ़ने और प्रीमियम सिगमेंट की तरफ ग्राहकों के झुकाव से राजस्व में भी स्थिर वृद्धि की संभावना है.



# पंजाब को मिलेगा दलित डिप्टी सीएम!



**चंडीगढ़. पंजाब की राजनीति में फिर सोशल इंजीनियरिंग की आहट सुनाई दे रही है. आम आदमी पार्टी अब अपने उस पुराने वादे को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है, जो उसने साल 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान पंजाब की जनता से किया था. सूत्रों की मानें तो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी पंजाब में एक 'दलित डिप्टी सीएम' नियुक्त करने पर गंभीरता से विचार कर रही है.**

पंजाब की सियासत का सबसे बड़ा सच यहाँ की 32 प्रतिशत दलित आबादी है. देश में सबसे ज्यादा दलित जनसंख्या प्रतिशत वाले इस राज्य में यह समुदाय सत्ता की चाबी माना जाता है. 2017 में अरविंद केजरीवाल ने इसी वोट बैंक को साधने के लिए दलित डिप्टी सीएम का दांव खेला था, लेकिन तब सफलता हाथ नहीं लगी. 2022 में भारी बहुमत मिलने के बाद भी अब तक किसी को इस पद पर नहीं बैठाया गया, लेकिन अब चुनावी साल करीब आते ही पार्टी को अपना पुराना वादा याद आ गया है.

**रेस में सबसे आगे कौन?-** रिपोर्ट के अनुसार, इस पद के लिए पार्टी के भीतर गहन मंथन चल रहा है. डिप्टी सीएम की रेस में फिलहाल दो प्रमुख नाम चर्चा में हैं. इनमें राज्य के वर्तमान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा हैं. पार्टी रणनीतिकारों का मानना है कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर पंजाब में भी दो डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं.

**मिशन 2027 और कैबिनेट विस्तार-** कहा जा रहा कि अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर कई दौर की बैठकें कर चुके हैं. जल्द पंजाब कैबिनेट का विस्तार हो सकता है. उसमें नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करेगी.

> ### क्यों अहम है यह फैसला?
> दलित समुदाय पारंपरिक रूप से कांग्रेस और अकाली दल का वफादार रहा है. लेखक देसराज काली के अनुसार दलित आबादी बड़ी होने के बावजूद अलग-अलग गुटों में बंटी रही है. आप इसी बिखराव को समेटकर एक मजबूत आधार बनाना चाहती है. महिलाओं को 1000 रुपए देने की घोषणा के बाद अब दलित कार्ड खेलना केजरीवाल की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है.

# कांग्रेस के लिए आई गुड न्यूज

## 5 राज्यों के चुनाव से पहले निकायों में बंपर जीत, भाजपा ने भी चौंकाया

**हैदराबाद. तेलंगाना में कांग्रेस ने नगर निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है. पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तेलंगाना निकाय चुनाव के रिजल्ट कांग्रेस के लिए बड़ी गुड न्यूज से कम नहीं है.**

हालांकि, इन चुनाव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन पूरे चुनाव में दबदबा कांग्रेस का ही देखने को मिला है. 2,995 वार्डों के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए गए हैं, जिनमें सत्ताधारी कांग्रेस ने 1,537 वार्डों में निर्णायक जीत हासिल की है. कांग्रेस ने बीजेपी, एआईएमआईएम और बीआरएस सभी पार्टियों को पीछे छोड दिया है.





तेलंगाना निकाय चुनाव में किस पार्टी का कैसा रहा प्रदर्शन?

कांग्रेस- 1,537 वार्ड, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस)- 781 वार्ड, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)- 336 वार्ड, अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम)- 70 वार्ड, सीपीआई (मार्क्सवादी)- 13 वार्ड, अन्य पार्टियां- 73 वार्ड, निर्दलीय- 183 वार्ड

**चुनाव परिणाम क्या दे रहे संकेत?-** तेलंगाना निकाय चुनाव के परिणाम शहरी राजनीतिक में वोटर्स में बिखराव, लेकिन प्रतिस्पर्धा को दर्शाते हैं. मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कांग्रेस अपना समर्थन मजबूत कर रही है. लेकिन बीआरएस की शहरी क्षेत्रों में पूर्व की तुलना में स्थिति कमजोर हो रही है. वहीं, भाजपा और एआईएमआईएम दोनों हैदराबाद से बाहर भी अपनी पैठ बनाती नजर आ रही हैं.

**बीजेपी का प्रदर्शन-** करीमनगर नगर निगम- 27 सीटें (सभी पार्टियों में सबसे अधिक)निज़ामाबाद नगर निगम- 27 सीटें (सबसे अधिक) करीमनगर और निज़ामाबाद दोनों ही विधानसभाओं में भाजपा के सांसद हैं, जिससे इन नगर निगमों की जीत का रणनीतिक महत्व बढ़ जाता है. इन जीतों के अलावा, भाजपा ने कई अन्य नगर निगमों और नगरपालिकाओं में भी मजबूत प्रदर्शन किया है. तेलंगाना निकाय चुनाव के परिणाम बीजेपी के अपने पारंपरिक गढ़ों से परे, विशेषकर उत्तरी तेलंगाना में, जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के केंद्रित प्रयासों को दर्शाते हैं.

**बीजेपी अन्य नगर निगमों में मजबूत दूसरी ताकत-** महबूबनगर नगर निगम- 6 सीटेंनालगोंडा नगर निगम- 4 सीटेंसूर्यापेट नगर निगम- 1 सीटकोठागुडेम और अन्य- स्पष्ट उपस्थिति.

> ### करीमनगर और निजामाबाद से बीजेपी ने चौंकाया
> तेलंगाना में कुल 7 नगर निगमों में मतदान हुआ, जिनमें से कांग्रेस ने 6 में जीत हासिल की, जबकि बीजेपी ने करीमनगर और निजामाबाद में जीत दर्ज करके सबको चौंका दिया. संसदीय चुनावों की तरह, बीआरएस, जो कभी एक मजबूत ताकत थी, यहां भी शून्य पर बैठी हुई है. जहां शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों से यह स्पष्ट होता है कि निगम चुनावों में कांग्रेस अभी भी प्रमुख शक्ति बनी हुई है, वहीं करीमनगर और निजामाबाद नगर निगमों में बीजेपी की पहली जीत ने तेलंगाना के राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है.

**विशेष** कांग्रेस नेताओं ने सत्ता में साझेदारी का राग छेड़ दिया है.

# डीएमके से पावर शेयरिंग का विवाद

**चेन्नई. तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने कांग्रेस और दूसरी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है. बता दिया गया है कि 22 फरवरी से इस बारे में बातचीत होगी. हालांकि यह भी कह दिया गया है कि पहले के फॉर्मूले में कोई बदलाव नहीं होगा.**

यानी कांग्रेस को 25 ही सीटें मिलेंगी. लेकिन अब नए सिरे से कांग्रेस नेताओं ने सत्ता में साझेदारी का राग छेड़ दिया है. इस बार विरूद्धनगर के सांसद मणिकम टैगोर ने मुद्दा उठाया है. ध्यान रहे मणिकम टैगोर को कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी का करीबी माना जाता है. राहुल की कोर टीम में वे शामिल हैं. इसलिए उनका यह मुद्दा उठाना अहम है.



मणिकम टैगोर ने कहा है कि कांग्रेस ने पहले मौका गंवाया था. उन्होंने 2006 की मिसाल दी, जब डीएमके को 234 सदस्यों की विधानसभा में सिर्फ 96 सीटें मिली थीं. लेकिन तब भी कांग्रेस ने 34 विधायकों का बाहर से समर्थन दिया था. पीएमके और सीपीआई ने भी बाहर से समर्थन देकर सरकार बनवाई थी. मणिकम टैगोर चाहते हैं कि अब वैसी गलती नहीं हो.

उन्होंने कहा है कि सरकार एक पार्टी की बनेगी या गठबंधन की सरकार होगी यह फैसला राज्य की जनता करेगी. अब सवाल है कि क्या वे ऐसे जनादेश की संभावना देख रहे हैं, जिसमें डीएमके को अकेले बहुमत नहीं मिलेगा?

ध्यान रहे अभी डीएमके को अकेले बहुमत है. जाहिर है कि कांग्रेस सांसद इस बार कड़ा मुकाबला देख रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि डीएमके को अकेले पूर्ण बहुमत यानी 118 सीटें नहीं मिलेंगी. अगर सचमुच नजदीकी मुकाबला है तो यह पूरे गठबंधन के लिए चिंता की बात है और अकेले डीएमके को 118 सीटें नहीं मिलीं ती कांग्रेस दबाव डाल कर गठबंधन की सरकार बनवाएगी.

# सुनेत्रा के करीबियों पर शरद खेमे की टेड़ी नजर

**मुंबई. एनसीपी के संस्थापक शरद पवार को समझ में नहीं आ रहा है कि सुनेत्रा पवार को कैसे समझाएं और कैसे दोनों पार्टियों के विलय के लिए तैयार करें. एक तरफ शरद पवार स्वंय इस कोशिश में लगे हैं.**





उन्होंने दो बार अजित और सुनेत्रा पवार के दोनों बेटों से मुलाकात की. दूसरी ओर शरद पवार खेमे के विधायक और उनके पोते रोहित पवार ने अजित पवार के विमान हादसे में साजिश का आरोप लगाते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. रोहित पवार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिख कर इसकी जांच कराने की मांग की है. इस बीच शरद पवार खेमे को समझ में आ रहा है कि सुनेत्रा पवार के नजदीकी लोग जैसे प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे आदि नेता और चुनाव रणनीति का काम देखने वाले डिजाइन बॉक्स्ड के नरेश अरोड़ा आदि रास्ते में रोड़ा बन रहे हैं.